दैनिक
न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, बुधवार 01 सितंबर 2021

www.nyaysakshi.com

महत्वपूर्ण एवं खास

तमनार क्षेत्र में 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, आबकारी एक्ट की कार्रवाई

रायगढ़। वहीं तमनार पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग मिलूपारा में आरोपी राजकुमार सिदार पिता दुबराज सिदार उम्र 47 वर्ष साकिन सिदारपारा मिलूपारा को 02 प्लास्टिक के जरिकेन में 10 लीटर महुआ शराब व नगदी रकम 100 रूपये, एक छोटा स्टील गिलास के साथ पकड़ा गया। पेट्रोलिंग को सूचना मिली थी कि सिदारपारा मिलूपारा में राजकुमार सिदार लोगों को शराब बनाकर पिलता है, आरोपी से शराब व नकदी रकम जप्त कर आरोपी पर धारा 34(1), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रतिनियुक्ति हेतु शिक्षक 10 सितम्बर तक कर सकते है आवेदन

रायगढ़। जिले के प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय में संचालित कक्षा पहली से 12 वीं तक स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम में अध्यापन की दक्षता रखने वाले शिक्षा विभाग में कार्यरत व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक, व्यायाम शिक्षक को प्रतिनियुक्ति दिया जाना है। प्रतिनियुक्ति के लिए इच्छुक शिक्षक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायगढ़ के स्त्रश्नस्र शाखा में दिनांक 10 सितंबर 2021 तक आवेदन कर सकते है। आवश्यकता अनुसार रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु साक्षात्कार लिया जाएगा। जिसकी सूचना पृथक से दी जावेगी।

जिले में 685 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 31 अगस्त तक 685 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 3.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 652.3 मिली मीटर, पुसौर में 775.5, खरसिया में 624.8, सारंगढ़ में 715.6, बरमकेला में 582.3, घरघोड़ा में 707.4, तमनार में 588.5, लैलूंगा में 742.6 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 775.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जंगल के पेड़ में लटकी मिली युवक की लाश, जांच में जुटी पुलिस

रायगढ़ (आरएनएस)। जिले के कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत जगाल महुआ गांव के झरखा जंगल मे फांसी के फंदे पर 33 वर्षीय युवक रामसिंह झूलती हुई लाश देखी गई। शव देखने के बाद गांव सहित आसपास क्षेत्र में भय का माहौल निर्मित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, और पंचनामा कर शव को ग्रामीणों की मदद से फंदे से नीचे उतारा गया ,उसके बाद से पुलिस सघन जांच में जुट गई है। पुलिस जानकारी के अनुसार मृतक रामसिंह बारबन्द का रहने वाला था और बताया जा रहा है की वह 29 अगस्त से अपने घर से बिना कुछ बताए बोले निकल गया था। इस बीच कापू थाने में घटना की सूचना मिली,कि किसी युवक की लाश जगाल महुआ के झरखा जंगल के पास कटहल के पेड़ में फांसी में झूल रहा है, सूचना पर कापू पुलिस तत्काल मौका ए वारदात की जगह पहुंच मौका मुआयना कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए आगे भेज घटना की सूक्ष्म जांच कार्यवाई कर रही है।

दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे किंकारी डैम में युवक की डुबने से हुई मौत

रायगढ़ (आरएनएस)। राजस्व विभाग का कर्मचारी रविवार को अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए किंकारी डैम पर गया था। जहां वो अपने कुछ साथियों के साथ नहाने के लिए डैम में उतर गया। लेकिन डैम में तेज बहाव होने के कारण वो डूब गया। घटना के बाद उसके दोस्तों ने इस बात की जानकारी बरमकेला पुलिस को दी। जिसके बाद सोमवार सुबह से गोताखोरों ने रेस्क्यू ऑपरेशन पतासाजी कर रही है। 28 वर्षीय दिल कुमार बरमकेला तहसील में राजस्व विभाग में पदस्थ था। वो रविवार को अपने 5 से अधिक दोस्तों के साथ डैम में पिकनिक मनाने गया था। इसी दौरान शाम करीब 4 बजे वो और उसके दोस्त डैम में नहाने के लिए उतर गए। जिस जगह पर दिल कुमार नहा रहा था। वहां पानी का बहाव अचानक तेज हो गया और देखते ही देखते युवक अपने दोस्तों के सामने ही पानी में डूब गया।

खाद की कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्यवाही-कलेक्टर

» भूमिहीन श्रमिक परिवारों का चिन्हांकन कार्य समय-सीमा में करने के निर्देश

» कलेक्टर सिंह ने ली समय-सीमा की बैठक

रायगढ़ । कलेक्टर भीम सिंह ने जिले में खाद की कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश सभी एसडीएम तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को आज समय-सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में अभियान चलाकर ऐसे लोगों पर लगातार कार्यवाही की जाए।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के क्रियान्वयन हेतु जिले में भूमिहीन श्रमिक परिवारों का चिन्हांकन का कार्य 01 सितम्बर से 30 नवंबर 2021 तक किया जाएगा। सभी राजस्व तथा पंचायत विभाग के जमीनी अमले को तय समय-सीमा के अनुसार सर्वे तथा अन्य कार्य करना है। समस्त एसडीएम अपने क्षेत्र अंतर्गत इसकी नियमित मॉनिटरिंग करेंगे।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में गिरदावरी कार्यों की समीक्षा करते हुये कहा कि शासन की योजना अनुसार धान के बदले अन्य फसल तथा वृक्षारोपण का कार्य इस बार किसानों के द्वारा किया जा रहा है। गिरदावरी करने के दौरान उक्त सभी जानकारी फसलवार रकबे के साथ इंद्राज किया जाना है। सभी राजस्व अधिकारी तथा जिन जिला अधिकारियों की गिरदावरी कार्य का निरीक्षण हेतु ड्यूटी लगाई गई है वे सभी इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि गिरदावरी और भूमिहीन श्रमिकों का चिन्हांकन शासन की प्राथमिकता है। अतः जिले में त्रुटिरहित गिरदावरी कार्य समय से पूरा करें।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिन गौठानों में मल्टी एक्टीविटी शेड तैयार हो गए है वहां निर्धारित की गई आजीविका मूलक गतिविधियों का संचालन तत्काल शुरू करें। इसके साथ ही उन्होंने गौठानों से वर्मी कम्पोस्ट निर्माण तथा उसका समितियों में भंडारण व विभागों द्वारा उठाव का कार्य नियमित रूप से जारी रखने के निर्देश दिए। गौठानों के निरीक्षण में जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि निरीक्षण के दौरान वहां कार्यरत महिला समूहों के भुगतान की जानकारी विशेष रूप से लें। जहां भुगतान लंबित है अथवा समस्या है उसका उल्लेख प्रतिवेदन में जरूर करें। ताकि महिला समूहों का नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही के चलते सरिया नगर पंचायत के सीएमओ को निलंबित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने चारागाह विकास के अंतर्गत गौठानों में किए जा रहे रूट्स प्लांटेशन के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि हरा चारा लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। पूरे प्रदेश में सर्वाधिक नेपियर रायगढ़ में ही लगाए गए है। इसके साथ ही यहां मक्का व सोरघम भी लगाया गया है। कलेक्टर सिंह ने लगाए गए रूट्स की उचित देखभाल करने तथा तैयार चारागाहों से हरा चारा गौठानों में आने वाले पशुओं को देने के लिए निर्देशित किया।

जिले में उन्होंने वर्षा की स्थिति की समीक्षा की। जहां पानी कम गिरा है उन क्षेत्रों में किसानों के सिंचाई के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा विभिन्न डेम से पानी छोड़े जाने की कलेक्टर सिंह ने जानकारी ली। बताया गया कि किसानों की आवश्यकता के अनुसार पानी छोड़ा जा रहा है।

बैठक में एडीएम राजेन्द्र कटारा, नगर निगम आयुक्त एस.जयवर्धन, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्र, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सेकेण्ड डोज के लिए भी चलेगा अभियान- कलेक्टर सिंह ने जिले में टीकाकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि अब सेकेण्ड डोज लगाने का कार्य भी जल्दी पूरा करना है। इसके लिए भी अभियान की रूपरेखा तैयार कर व्यापक स्तर पर टीकाकरण का कार्य करने के निर्देश उन्होंने दिए। जिससे जिले को जल्द पूर्ण टीकाकृत बनाया जा सके।

दहेज के नाम पर विवाहिता को प्रताड़ित करने वाले पति पर दर्ज अपराध

रायगढ़। थाना केडार क्षेत्र की महिला द्वारा उसके ससुरालवालों पर दहेज पर कम सामान और बेकार क्वालिटी का लायी है कहकर प्रताड़ित करने संबंधी शिकायत पत्र की जांच पर उसके पति के विरूद्ध दहेज प्रताड़ना का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पीड़िता बताई कि इसका विवाह मई 2019 को ग्राम बरभांठा निवासी विक्रम अजय बुधराम उम्र 25 साल के साथ सामाजिक रिति रिवाज के अनुसार हुआ है। ससुराल में एक सप्ताह अच्छे से रही, उसके बाद ससुरालवाले दहेज में कम सामान लायी है और सामान की क्वालिटी ठीक नही है कहकर ताना देने लगे। पति शराब पीकर अश्लील गाली गलौज करता मोटर सायक, वाशिग मशीन, सौफा सेट नहीं दिये हैं कहकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। तब मायके जाकर माता पिता व पडोसियो को बताई। माता पिता उनके मांगो को पूरा करने मे असमर्थत थे जिसके कारण ससुराल वापस गई तो ससुराल वाले घर से बाहर निकाल दिये और कोई भी लेने नहीं आया। पीड़िता के शिकायत पत्र पर उसके पति के विरूद्ध धारा 498(ए) आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

तालाब मेड़ पर जुआ खेलते 12 व्यक्ति गिरफ्तार, फड से 5,400 रुपए जब्त

रायगढ़। दिनांक 30/08/2021 को पुसौर पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम जतरी तालाब मेड में 52 पत्ती तास से जुआ खेल रहे जुआडियान 1. सलीम जांगडे पिता भोलु राम जांगडे उम्र 22 वर्ष सा0 बरपाली थाना पुसौर जिला रायगढ, 2. उपेन्द्र गुप्ता पिता युधिष्ठीर गुप्ता उम्र 35 वर्ष जाति कोलता सा0 बडे भंण्डार थाना पुसौर जिला रायगढ, 3. हेमंत महिस पिता बाबुलाल उम्र 24 वर्ष सा0 टपरदा थाना पुसौर जिला रायगढ, 4.मिलन मैत्री पिता सेतराम मैत्री उम्र 28 वर्ष सा0 बडे भंडार थाना पुसौर जिला रायगढ, 5. बहादुर चौहान पिता तिलेश्वर चौहान उम्र 28 वर्ष सा0 जतरी थाना पुसौर जिला रायगढ, 6. उमाशंकर यादव पिता रूगू यादव उम्र 36 वर्ष सा0 जतरी थाना पुसौर जिला रायगढ, 7. तरूण यादव पिता नीलमणी यादव उम्र 36 वर्ष सा0 परसदा थाना चन्द्रपुर जांजगीर चांपा, 8. कपिल सिदार पिता श्याम कुमार उम्र 32 वर्ष सा0 परसदा थाना चन्द्रपुर जिला जांजगीर चांपा, 9. रामचरण निषाद पिता छतराम निषाद उम्र 39 वर्ष सा0 जतरी थाना पुसौर जिला रायगढ, 10. निहाल सिंह चौहान पिता मोहन लाल चौहान उम्र 23 वर्ष सा0 जतरी थाना पुसौर जिला रायगढ, 11. राकेश कुमार चौहान पिता हिराराम चौहान उम्र 35 वर्ष सा0 जतरी थाना पुसौर जिला रायगढ, 12. मोहन लाल चौहान पिता पालुराम चौहान उम्र 49 वर्ष सा0 जतरी थाना पुसौर को स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों के फड एवं पास से 5400 रूपये नकद की जप्ती की गई है। आरोपियों पर 13 जुआ एक्ट के तहत थाना पुसौर में कार्रवाई की गई है।

बरमकेला क्षेत्र से लापता हुई किशोरी राजस्थान के जयपुर में मिली

» बहला फुसलाकर जयपुर ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर दिगर प्रांत गुम बालिका की पतासाजी में रवाना हुई सबरमकेला पुलिस को बालिका जयपुर, राजस्थान में सारंगढ़ के युवक के साथ मिली, बालिका को करीब 02 माह पहले युवक शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया था, आरोपी युवक को बरमकेला पुलिस पास्को एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 01/07/2021 को थाना बरमकेला में 17 वर्ष 09 माह की बालिका के दिनांक 20/06/2021 को रात्रि घर में बिना बताये कहीं चले जाने की रिपोर्ट परिजन दर्ज कराये थे, परिजन बताये कि जान परिचित, सगे-संबंधियों के पास बालिका की खोज खबर लिये पता नहीं चला है। बालिका के गुम रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 210/2021 दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

गुम बालिका की पतासाजी दौरान उसके परिजनों, सहेलियों से लगातार पूछताछ किया जा रहा था, प्रकरण में कोई संदेही भी नहीं मिला था और न ही बालिका अपने पास मोबाइल रखी थी, जिससे पतासाजी में बरमकेला पुलिस को समय लग रहा था। कई दिनों के बाद बालिका किसी अन्य के मोबाइल से घरवालों से सम्पर्क की, जिसकी जानकारी बरमकेला पुलिस को मिलने पर मोबाइल के राजस्थान के जयपुर शहर में एक्टिव होने की जानकारी मिली। बरमकेला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर राजस्थान रवाना हुई। पुलिस टीम को ज्ञान विहार जयपुर (राजस्थान) में बालिका सारंगढ़ के सुनील चौहान के साथ मिली। दोनों को पुलिस टीम रायगढ़ लेकर आयी। बालिका का महिला अधिकारी से कथन कराया गया, बालिका बताई कि सुनील चौहान भगाकर ले गया था, जिसमें कमलेश चौहान उसकी सहायता किया था और सुनील चौहान जयपुर में पत्नी की तरह रखा था जिस पर प्रकरण में धारा 366, 376, 34 भादवि 4, 6 पास्को एक्ट की धारा जोड़ी गई । आरोपी सुनील चौहान पिता दयाराम चौहान उम्र 20 वर्ष निवासी बनहर थाना सारंगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। सह आरोपी कमलेश चौहान फरार है , जिसकी पतासाजी की जा रही है। आरोपी पताताजी दस्तयाबी में थाना प्रभारी बरमकेला नेल्सन कुजूर, सहायक निरीक्षक कमल राजपूत, प्रधान आरक्षक सोन साय यादव, आरक्षक नंदकुमार चौहान, महिला आरक्षक अंजना मिंज की विशेष भूमिका रही है।

बाकारूमा स्कूल के प्राचार्य जितेन्द्र कुमार प्रसाद हुए निलंबित

रायगढ़। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के आदेशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाकारूमा, विकासखंड धरमजयगढ़ के प्राचार्य जितेन्द्र कुमार प्रसाद को निलंबित कर दिया गया है।

विदित हो कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाकारुमा के प्राचार्य जितेन्द्र कुमार प्रसाद द्वारा नियमित रूप से शाला विकास समिति की बैठक नहीं लिए जाने, सत्र 2018-19 एवं 2019-20 में छात्र-छात्राओं से राशि 2 लाख 18 हजार 160 रुपये की अधिक वसूली किए जाने की शिकायत तथा वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई है। प्राचार्य जितेन्द्र कुमार प्रसाद का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। अतएव राज्य शासन द्वारा प्राचार्य जितेंद्र कुमार प्रसाद को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम-1966 के नियम 9 (1) (क) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है तथा इनका मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में जितेंद्र कुमार प्रसाद को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

वन विभाग ने बाइक सहित 9 नग चिरान लकड़ी किया बरामद

कोरबा (आरएनएस)। वन मंडल कटघोरा में लकड़ी तस्करी को रोकने अब रात में अधिकारी.कर्मचारी गश्त करने लगे हैं। इसके बाद भी अब तस्कर बाइक में चिरान लकड़ी को ढोने लगे हैं। पाली व पसान रेंज की संयुक्त टीम ने लाफा से चैतुरगढ़ मार्ग पर एक बाइक सवार को लकड़ी ले जाते दौड़ाया तो वह बाइक और लकड़ी छोड़ भाग गया। वन विभाग ने बाइक सहित 9 नग चिरान लकड़ी बरामद किया है।वन परिक्षेत्र अधिकारी केएन जोगी, पसान परिक्षेत्र अधिकारी धर्मेंद्र चौहान अपनी टीम के साथ रात में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक सवार लकड़ी को लोड कर जाते दिखा। लाफा से चैतुरगढ़ पहुंच मार्ग पर वन विभाग की टीम ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने बाइक की रफ्तार तेज कर दी । जब अधिकारियों ने पीछा किया तो वह बाइक व लकड़ी को छोड़कर भाग निकला। साथ में चाबी भी ले गया। बाइक के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है। मामले में वन संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। डीएफओ शमा फारुकी ने वन मंडल के सीमावर्ती क्षेत्र में गश्त बढ़ाने कहा है। वनांचल क्षेत्रों में भी वन विभाग ने बैरियर लगाया है। इसी वजह से लकड़ी तस्कर बाइक का सहारा लेने लगे हैं।

राज्य में रायगढ़ जिले में सर्वाधिक 189 गौठान बने स्वावलंबी

» प्रदेश के 1242 गौठान हुए स्वावलंबी

रायगढ़ । छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में से महत्वपूर्ण सुराजी गांव योजना के गरूवा घटक के तहत अब तक राज्य में निर्मित एवं सक्रिय रूप से संचालित 5963 गौठानों में से 1242 गौठान स्वावलंबी हो गए हैं। स्वावलंबी गौठान गोबर खरीदी से लेकर वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण के लिए स्वयं के पास उपलब्ध राशि का उपयोग करने लगे हैं। गौठानों को स्वावलंबी बनाने में रायगढ़ जिला पूरे प्रदेश में अव्वल है। यहां सर्वाधिक 189 गौठान स्वावलंबी हुए है। दूसरे नंबर पर कबीरधाम जिले में 141 गौठान तथा तीसरे क्रम पर राजनांदगांव जिले में 101 गौठान स्वावलंबी हुए है। रायगढ़ जिले में कलेक्टर भीम सिंह ने गौठान संचालन के ऊपर लगातार बैठके कर कार्य की समीक्षा की। गोधन न्याय योजना के संचालन की भी लगातार मॉनिटरिंग की गई। जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम के द्वारा गौठानों का निरीक्षण करवाया गया। जिससे प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर गौठानों में कार्य को और बेहतर किया गया। इसी का परिणाम है कि पूरे प्रदेश में सर्वाधिक स्वावलंबी गौठान रायगढ़ जिले में संचालित है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले में 25, धमतरी में 43, बलौदाबाजार में 49 तथा रायपुर जिले में 25 कबीरधाम जिले में 141, दुर्ग में 64, बालोद में 30, बेमेतरा में 22, राजनांदगांव जिले में 101, कोरबा में 61, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 25, जांजगीर-चांपा में 44, बिलासपुर में 34, मुंगेली में 20, रायगढ़ में 189, कोरिया में 23, जशपुर में 36, बलरामपुर में 18, सरगुजा में 39, सूरजपुर में 22, कांकेर में 69, कोण्डगांव में 21, दंतेवाड़ा में 29, नारायणपुर में 5, बस्तर में 26, बीजापुर में 12 तथा सुकमा जिले में 18 गौठान स्वावलंबी बन चुके हैं।

गौरतलब है कि राज्य में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा अब तक 10107 गांवों में गौठान के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है। जिसमें से 5963 गौठानों का निर्माण पूरा हो चुका है और वहां पर गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण सहित अन्य आयमूलक गतिविधियां संचालित हो रही है। वर्ममान में 3220 गौठानों का तेजी से निर्माण कराया जा रहा है शेष 924 गौठानों के निर्माण का कार्य अभी शुरू कराया जाना है। गौठानों में पशुधन के देखरेख, चारे-पानी एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप गौठानों में पशुओं के लिए हरे चारे का इंतजाम भी किया जा रहा है। अब तक 4 हजार से अधिक गौठानों में लगभग 7600 एकड़ में हरा चारा लगाया गया है, जिसमें हाईब्रिड नेपियर घास का रोपण एवं अन्य चारा बुआई की गई है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480